बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन संख्या 02/2017, 03/2017 एवं 04/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियंता के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारम्भिक परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना

वि॰सं॰ 02/2017, सहायक अभियन्ता (असैनिक) की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 15.09.2018 (शनिवार) को तथा वि॰सं॰ 03/2017 एवं वि॰सं॰ 04/2017 (यांत्रिक/असैनिक) की प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 16.09.2018 (रविवार) को एकल बैठक – 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक में पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित है। इन परीक्षाओं के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई की गई है। **उक्त परीक्षाओं में अभ्यर्थी को परीक्षा भवन में मोबाइल, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रोनिक पेन, पेजर इत्यादि इलेक्ट्रोनिक सामग्री तथा whitener, eraser एवं blade जैसी सामग्री भी ले जाने की अनुमति नहीं है।**

परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी के पास उपर्युक्त वर्णित किसी भी प्रकार की सामग्री/उपकरण पाये जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी एवं ऐसे अभ्यर्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं के साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होनेवाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना